भारत सरकार

गृह मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 85**

दिनांक 24.02.2015/05 फाल्गुन, 1936 (शक) को उत्तर के लिए

**आतंकवाद के लिए विदेशी धन**

†85. श्री अश्विनी कुमारः
क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या जम्मू और कश्मीर में कुछ संगठनों को राज्य में आतंकवादी गतिविधियां फैलाने के लिए विदेशों से धन प्राप्त हो रहा है; और
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

**उत्तर**

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री **(श्री हरिभाई परथीभाई चौधरी)**

**(क): जी, हां। राज्य में सक्रिय विभिन्न आतंकवादी संगठन राज्य में आतंकवादी गतिविधियां फैलाने के लिए विभिन्न हवाला चैनलों के माध्यम से अलग-अलग स्रोतों से वित्तीय सहायता प्राप्त कर रहे हैं, जिसे उनसे परामर्शदाताओं द्वारा खाड़ी तथा अन्य देशों के जरिए भेजा जाता है।**

**(ख): जम्मू एवं कश्मीर राज्य सरकार की रिपोर्ट के अनुसार, 6 मामले दर्ज किए गए हैं, जिसमें से 4 मामलों में न्याय निर्धारण के लिए चालान भेजा गया है।**

**-----**